# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

कार्य-परिषद् की बैठक दिनांक २०/०१/२००० को अपरान्ह ३ बजे विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :---

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | प्रो० के०बी०पाण्डेय | *कुलपति* | अध्यक्ष |
| २. | डा० ई०एच०कुरैशी | *अधिष्ठाता, आयुर्वेदिक यूनानी संकाय* | सदस्य |
| ३. | डा०एम०पी०गुप्ता | *अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय* | सदस्य |
| ४. | प्रो० एल०सी०मिश्र | *आचार्य, जीवन विज्ञान संकाय, सीएसजेएम विश्वविद्यालय* | सदस्य |
| ५. | डा०(श्रीमती) मृदुला भदौरिया | *उपाचार्य, शिक्षा विभाग, सीएसजेएम विश्वविद्यालय* | सदस्य |
| ६. | डा० आर०बी०चतुर्वेदी | *प्राचार्य, पीएसएम कालेज, कन्नौज* | सदस्य |
| ७. | डा० निरंजन सिंह | *प्राचार्य, ब्रहमावर्त डिग्री कालेज, मन्धना* | सदस्य |
| ८. | डा० ब्रहमवीर निषाद | *प्राचार्य, भीमराव अम्बेदकर महाविद्यालय, उंचाहार* | सदस्य |
| ९. | श्रीमती नीलू एस. भुल्लर | *प्रवक्ता, व्यवसाय प्रबन्ध संकाय, सीएसजेएम विश्वविद्यालय* | सदस्य |
| १०. | डा० सरोज बहादुर सक्सेना | *भूगोल विभाग, डी०ए०वी०कालेज, कानपुर* | सदस्य |
| ११. | डा० देवर्षि शर्मा | *अंग्रेजी विभाग, डी०ए०वी० कालेज, कानपुर* | सदस्य |
| १२. | श्री जे०एन०रैना | *वित्त अधिकारी* | पदेन सदस्य |
| १३. | श्री बी०के०पाण्डेय | *कुलसचिव* | सचिव |

## कार्यविवरण

सर्व प्रथम माननीय कुलपति जी ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें नवीन सहस्राब्दी की शुभकामनायें दीं।

*कार्य परिषद ने विचारणीय मदों पर निम्नलिखित निर्णय लिया --*

१. **कार्य परिषद की विगत बैठक दिनांक २०/१२/९९ के कार्यवृत्त की पुष्टि पर विचार --**

कार्य परिषद ने अपनी विगत बैठक दिनांक २०/१२/९९ में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन से अवगत होते हुए सर्व सम्मति से उनके कार्यवृत्त का अनुमोदन किया।

२. **वित्त समिति की दिनांक १९-०१-२००० को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार-**

माननीय कुलपति जी ने कार्य परिषद को अवगत कराया कि अपरिहार्य कारणोंवश वित्त समिति की बैठक दिनांक १९-०१-२००० को सम्पन्न न हो सकी।

३. सम्बद्धता सम्बन्धी प्रकरणों पर विचार-

उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में माननीय कुलपति जी ने कार्य परिषद को निम्नलिखित तथ्यों से अवगत कराया-

(क) शासन द्वारा तीन वर्ष के अन्दर १०० नये महाविद्यालय खोलने का दायित्व सौंपा गया है।

(ख) इस वर्ष विश्वविद्यालय में नये महाविद्यालय के सम्बद्धता हेतु कुल ४६ महाविद्यालयों से प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से १३ को सम्बद्धता प्राप्त हो चुकी है तथा शेष में कार्यवाही चल रही है।

(ग) सम्बद्धता हेतु नामित किये गये निरीक्षकों की सूची प्रस्तुत की गई। अधिकांश प्रकरणों में कार्य परिषद के माननीय सदस्यों को ही निरीक्षक के रूप में नामित किया गया है।

४(क) **शोध उपाधि के लिये मौखिकी परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त परीक्षा समिति की बैठक दिनांक २०-०१-२००० में लिये गये निर्णय द्वारा योग्य घोषित शोधार्थियों को उपाधि से अलंकृत किये जाने की संस्तुति पर विचार-**

कार्य परिषद ने सर्व सम्मति से शोध उपाधि के लिये मौखिकी परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त एवं परीक्षा समिति के निर्णय

दिनांक २०-०१-२००० द्वारा योग्य घोषित १६ शोधार्थियों को उपाधि से अलंकृत करने का निर्णय लिया। इसी तारतम्य में कार्य परिषद ने आगामी दीक्षान्त समारोह दिनांक ३१-०१-२००० को ध्यान रखते हुए दिनांक ३०-०१-२००० तक मौखिकी परीक्षा सम्पन्न एवं योग्य घोषित होने वाले शोधार्थियों को भी शोध उपाधि से अलंकृत करने का निर्णय लिया।

४(ख) आगामी दीक्षान्त समारोह के आयोजन पर विचार -

आगामी दीक्षान्त समारोह दिनांक ३१-०१-२००० को आयोजित करने की घोषणा के साथ ही माननीय कुलपति जी ने कार्य परिषद को अवगत कराया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी से समय न मिल पाने के कारण मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में उनका भाग लेना सम्भव नहीं हो पा रहा है। उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए कार्य परिषद ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि आचार्य डा० विष्णु कान्त शास्त्री, महामहिम एवं राज्यपाल हिमांचल प्रदेश को मुख्य आतिथ्य स्वीकार करने हेतु अनुरोध किया जाय।

४(ग) श्री महेन्द्र मोहन गुप्त जागरण बिल्डिंग-२ सर्वोदय नगर, कानपुर के पत्र दिनांक ०६-०१-२००० पर विचार-

श्री महेन्द्र मोहन गुप्त जागरण बिल्डिंग-२ सर्वोदय नगर, कानपुर के पत्र दिनांक ०६-०१-२००० जो कानपुर विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह में बाबू पूर्ण चन्द्र गुप्त स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान करने के सम्बन्ध में है, कार्य परिषद पटल पर रखा गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में कार्य परिषद ने सर्व सम्मति से उक्त प्रस्ताव स्वीकार करते हुए निर्णय लिया कि-

(i) बाबू पूर्ण चन्द्र गुप्त स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान करना दीक्षान्त समारोह का भाग नहीं होगा।

(ii) सम्मानित किये जाने वाले पत्रकार को स्वर्ण पदक के साथ ही रू० २१०००/- की धनराशि भी प्रदान की जाय।

(iii) स्वर्ण पदक से सम्मानित किये जाने वाले पत्रकार का चयन एक समिति द्वारा किया जायेगा जिसके निम्नलिखित सदस्य होंगे-

| | | |
|---|---|---|
| १- | कुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर या उनके द्वारा नामित व्यक्ति। | संयोजक |
| २- | जागरण समूह द्वारा नामित व्यक्ति। | सदस्य |
| ३- | गत वर्ष का स्वर्ण पदक विजेता पत्रकार। | सदस्य |

(iv) आगामी दीक्षान्त समारोह के स्वर्ण पदक प्रदान करने हेतु तत्काल २५००० रूपये की धनराशि प्रायोजक को जमा करना होगा तथा आगामी वर्षों के लिये रू० २५०००० /- का फिक्सड डिपाजिट विश्वविद्यालय में जमा कराया जाय।

४(घ) विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय में स्नातकोत्तर परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता को कुलाधिपति कांस्य पदक प्रदान किये जाने पर विचार -

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से रखे गये उपरोक्त प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त कार्य परिषद ने निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय में स्नातकोत्तर परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर्ता को कुलाधिपति कांस्य पदक से अलंकृत किया जाय।

अन्त में माननीय कुलपति जी को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

| | |
|---|---|
| (बी०के०पाण्डेय) | (प्रो० के०बी०पाण्डेय) |
| कुलसचिव/सचिव | कुलपति/अध्यक्ष |

३(ग) कानपुर विश्वविद्यालय कर्मचारी एसोशियेशन तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के पत्र दिनांक २६-०३-२००० पर विचार -

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कानपुर विश्वविद्यालय कर्मचारी एसोशियेशन तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के पत्र दिनांक २६-०३-२००० जो अवकाश नगदीकरण की सुविधा जारी रखने के सम्बन्ध में [illegible] पटल पर प्रस्तुत किया गया। उपरोक्त पत्रों के सम्बन्ध में कार्य परिषद ने निर्णय लिया कि उक्त पत्रों को विचारार्थ [illegible] को प्रेषित कर दिया जाय। राज्य शासन द्वारा अवकाश नगदीकरण पर लगी रोक जब हटा ली जायेगी उसके बाद विश्वविद्यालय कर्मचारियों को भुगतान पर विचार किया जायेगा।

अन्त में कुलपति जी को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(बी०के०पाण्डेय)
कुलसचिव/सचिव

(प्रो० [illegible])
कुलपति/अध्यक्ष